FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 14-08-2026 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिरसागंज पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस द्वारा कस्बा सिरसागंज में इटावा रोड पर पीपी ज्वैलर्स की दुकान से सोने की चेन लूट की घटना में वांछित 15 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

- **अभियुक्त अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**
- **अभियुक्त अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।**
- **थाना सिरसागंज पुलिस व एसओजी/सर्विलासं टीम द्वारा लूट की घटना का मात्र 20 घंटे में सफल अनावरण कर 01 अन्य वांछित अभियुक्त ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।**
- **अभियुक्त अभिषेक के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, लूटी गयी सोने की चेन वजनी 11 ग्राम एवं लूट की घटना में प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार (UP 80 HS 4591) बरामद।**
- **घायल अभियुक्त अभिषेक को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया...**

दिनांक 13.08.2026 को रोजाना की भांति मुकदमा वादी सुजल जैन पुत्र श्री प्रवीन कुमार जैन निवासी इटावा रोड, बैंक ऑफ इंडिया के पास थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद अपने छोटे भाई उज्जवल जैन के साथ अपनी दुकान पीपी ज्वैलर्स इटावा रोड कस्बा व थाना सिरसागंज पर बैठे हुए थे समय करीब 14.55 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मुकदमा वादी की दुकान पर बिना नम्बर प्लेट सफेद कलर की टाटा नेक्सोन से आये थे जिसमें 01 अभियुक्त गाडी में बैठकर आसपास निगरानी कर रहा था। अन्य 01 अभियुक्त दुकान में ग्राहक बनकर आया था। जिसके द्वारा मुकदमा वादी से सोने की चैन खरीदने की बात कही तो वादी के द्वारा जब सोने की चैन दिखाई गयी तो ग्राहक बनकर आये अभियुक्त के द्वारा अपने गले में दो सोने की चैन को पहन लिया और अपने घरवालों को काल करने की बात कहकर दिखाने लगा था मुकदमा वादी को शक होनें पर उसके द्वारा जब अपनी दोनो सोने की चैन को वापस मांगा गया तो उक्त अभियुक्त मुकदमा वादी को जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर खडे हुए साथी के साथ गाडी में बैठकर भाग गया। सुजल जैन के द्वारा घटना के उपरान्त अपनी मोटरसाईकिल

से नगला राधे मोड महाराणा प्रताप सिहं जी की मूर्ति तक पीछा किया तो दोनों अभियुक्त, सुजल जैन को तंमचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। उक्त प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0-405/26 धारा- 309(4) बीएनएस पर पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में घटना के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तत्काल थाना सिरसागंज एवं एसओजी/सर्विलांस टीम सहित 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों पर कार्य करते हुए सीसीटीवी फुटेज मुकदमा वादी की दुकान व टोल प्लाजा से लिये गये जिसके आधार पर घटना में प्रयुक्त गाडी की पहचान की गयी पुलिस टीम द्वारा लगातर दबिश देते हुए महज 20 घण्टे में घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तगणों में से एक अभियुक्त ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा को घटना में लूटी गयी 01 सोने की चैन वजनी 10 ग्राम व 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ दिहुली रोड पर नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास कठफोरी थाना सिरसागंज से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। तथा 01 अन्य अभियुक्त अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा फरार चल रहा था। फरार अभियुक्त अभिषेक की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। इसी क्रम में थाना सिरसागंज पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्त ईशू पुत्र वीरभान से पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर उखरेंड कट व भदान रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को 01 कार आती हुई दिखाई दी, पुलिस टीम द्वारा कार को रूकने का इशारा किया गया किन्तु कार सवार संदिग्ध व्यक्ति कार से भदान रोड की तरफ भागने लगा। भदान रोड़ पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भदान रोड़ की पुलिया से जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने का प्रयास करने लगा हड़बड़ी में संदिग्ध व्यक्ति की कार फंस गयी। खुद को पुलिस टीमों से घिरा हुआ देखकर उक्त व्यक्ति कार से उतर कर भागने लगा तथा भागते हुए उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीमों पर फायर किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान थाना सिरसागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 405/2026 में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा के रूप में हुई है। अभियुक्त अभिषेक के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा नेक्सॉन कार, ज्वैलर्स से लूटी गयी सोने की चेन वजनी 11 ग्राम बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस।
2. लूटी गयी सोने की चेन वजनी 11 ग्राम।
3. लूट की घटना में प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार सफेद रंग (UP 80 HS 4591)।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त –**

1. मु0अ0सं0 405/26 धारा- 309(4)/317(2) बीएनएस0 थाना सिरसागंज जनपद फिरजाबाद।
2. मु0अ0सं0 410/2026 धारा 352/109(1) बीएनएस0 (पु0मु0) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. अनिल कुमार सिंह प्र0नि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2.निरीक्षक प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय टीम फिरोजाबाद।
3.निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह प्रभारी सर्विलांस मय टीम फिरोजाबाद।
4.उ0नि0 कुलवीर सिंह तरार कस्बा प्रभारी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
5.उ0नि0 अरूण अधाना थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6.उ0नि0 अंकुर कुमार चौ0प्र0 कठफोरी सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 127 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 761 राजेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
9. कां0 383 दीपक पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
10. कां0 1246 मौ0 रियाज थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 1807 नवनीत कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।